<u>संदेश</u>

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। इसी दिन महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई जाती है।

शिक्षक दिवस पर पूरा देश शिक्षण कार्य का और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की सेवाओं और प्रयासों का सम्मान करता है। शिक्षक केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विषयों का ही ज्ञान नहीं देता, बल्कि एक गुरु और मार्गदर्शक भी होता है जो विद्यार्थी को सही मार्ग दिखाता है।

प्रौद्योगिकी के युग में शिक्षकों की भूमिका में नए आयाम जुड़ गए हैं। शिक्षकों को निरंतर विकासशील रहना चाहिए और शिक्षा प्रदान करने के लिए नवीनतम पद्धतियों को अपनाना चाहिए। साथ ही, उन्हें मूल्यों पर आधारित शिक्षा के महत्व को भी ध्यान में रखना चाहिए। एक समतामूलक और समावेशी समाज का निर्माण करने और भारत को विश्व का ज्ञान केंद्र बनाने में शिक्षकों का योगदान पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

मैं, पुनः सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देती हूं। मैं कामना करती हूँ कि हमारे शिक्षक ऐसे प्रबुद्ध विद्यार्थी तैयार करने में सफल हों जो भारत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएँ।